# कार्यालयः— न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.)

☎ फोन नं. 07749—223077 ✉ ई—मेल balod-fc@cg.gov.in

## ।। सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन ।।

**क्रमांक 78/दो—11—1/2020** **बालोद, दिनांक 15.03.2024**

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 01.04.2024, संध्या 05:00 बजे तक**
**केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार किये जायेंगे ।**

कार्यालय न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छत्तीसगढ़) की स्थापना में रिक्त स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के कुल 01 पद पर अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों से सीधी भर्ती की पूर्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैंः—

### रिक्त पद का विवरण

| क्र | पदनाम | रिक्त पद की संख्या | पदों का आरक्षण विवरण | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जन जाति | | | | अनुसूचित जाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अनारक्षित | | | |
| | | | मुक्त | महिला | भू.पू. सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू. सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू. सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भू.पू. सैनिक | दिव्यांग |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* | *11* | *12* | *13* | *14* | *15* | *16* | *17* | *18* | *19* |
| 1 | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **01** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **01** | **0** | **0** | **0** |

**महत्वपूर्ण टीपः—**

1. उपरोक्त पद के संबंध में विज्ञापन/भर्ती/नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी ।
2. पद की संख्या परिवर्तनीय है ।
3. यह विज्ञापन बिना किसी कारण बताये, किसी भी समय निरस्त या स्थगित किया जा सकेगा ।

## भर्ती की पात्रता एवं शर्तें

**1. स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद के लिए:–**

**(1) वेतन –**

छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल – 07 (₹ 28,700–91,300)

**(2) शैक्षणिक योग्यता** –

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण ।
2. मान्यता प्राप्त शीघ्रलेखन मुद्रलेखन बोर्ड से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण ।
3. कम्प्यूटर में हिन्दी मुद्रलेखन का ज्ञान होना चाहिए ।
4. कम्प्यूटर एप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए ।
5. यह अपेक्षित है कि, उम्मीदवार को छत्तीसगढ़ी (बोली)/स्थानीय भाषा (बोली) का ज्ञान होना चाहिए ।

## आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्ते

**1. आयु सीमा:–**

**(1)** प्रत्येक ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु दिनांक 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो, परंतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी । छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), महिला इत्यादि के लिए अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है, वे छूट यथावत लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**(2)** छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर, अन्य राज्यों के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होगी ।

**(3)** आयु संबंधी प्रमाण के लिए हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा के प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो, मान्य होंगे । जो अभ्यर्थी उच्चतर आयु सीमा में छूट चाहते हैं, उन्हें संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**2. <u>अन्य शर्तेः–</u>**

**(1)** रोजगार कार्यालय में अभ्यर्थियों का पंजीयन जीवित हो (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट होगी)।

**(2)** चयनित उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 372/260/वि/नि/चार/2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 29.07.2020 (वित्त निर्देश 21/2020) एवं सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर की अधिसूचना दिनांक 28 जुलाई, 2020 के आधार पर चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी ।

**(3)** चयनित उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण–पत्र या प्रस्तुत किये गये अन्य कोई दस्तावेज असत्य पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त की जाकर दाण्डिक कार्यवाही संस्थित की जा सकेगी ।

**(4)** उपरोक्त पद की भर्ती प्रक्रिया/चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**(5)** आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है ।

**(6)** कोई पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नि जीवित हो और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु शासन का यदि यह समाधान हो जाये कि, ऐसा करने का विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दिया जा सकेगा ।

**(7)** कोई भी उम्मीद्वार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

**(8)** जो अभ्यर्थी शासकीय सेवा/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र, आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**(9)** कोई भी अभ्यर्थी, जिसे अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, वह नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।

**(10)** कोई भी अभ्यर्थी, जिसे किसी उच्च न्यायालय, शासकीय या वैधानिक संस्था, या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्यूत किया गया हो, तो वह अपात्र माना जायेगा ।

**(11)** जिन अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र समय अवधि में कार्यालय में प्राप्त होगा, उन आवेदन पत्रों की, भर्ती कमेटी/सब कमेटी द्वारा निर्धारित की गयी प्रक्रिया के अनुसार छंटाई के पश्चात् आवेदकों को रोल नंबर, नाम एवं पिता/पति का नाम सहित सूची, परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी जिला न्यायालय, बालोद (छ.ग.) की वेबसाईट https://balod.dcourts.gov.in पर अपलोड की जाएगी। कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.) के सूचना बोर्ड पर भी योग्य उम्मीदवारों की सूची चस्पा की जाएगी । यदि किसी कारण से अभ्यर्थी को परीक्षा की सूचना विलम्ब से प्राप्त होती है, तो उसके लिए कार्यालय की जिम्मदारी नहीं रहेगी । इस संबंध में अभ्यर्थी स्वयं सचेत रहें और उक्त वेबसाईट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

**(12)** अभ्यर्थीयों की संख्या अत्यधिक होने की स्थिति में लिखित/कौशल परीक्षा में शामिल करने हेतु आवेदनों की शार्ट लिस्टिंग की जावेगी, जिसका मापदण्ड नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित भर्ती कमेटी/सब कमेटी तय करेगी।

**(13)** लिखित/कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रहना होगा, उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा ।

# <u>आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>

**1.** आवेदन पत्र, विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किए जा सकेंगे । पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र बंद लिफाफा में, जिस पर **"स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र"** लिखा हो, **कार्यालय, न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.) 491226** के पता पर केवल भारतीय डाक सेवा के स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित किया जावे । दिनांक 01.04.2024 की संध्या 05:00 बजे के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**2.** आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवासी, दिव्यांगता आदि से संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्5न करना आवश्यक होगा ।

**3.** विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन जिला न्यायालय, बालोद (छ.ग.) की वेबसाईट https://balod.dcourts.gov.in में किया जा सकता है । विज्ञापन में दिये गये निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप से भिन्न प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन पत्र निरस्त किये जावेंगे ।

**4.** आवेदन पत्र में स्वतः का नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित स्वप्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा होना चाहिये तथा पहचान के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राईविंग लायसेंस आदि की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

**5.** भारतीय डाक सेवा के स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के अलावा ई–मेल, फैक्स या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे ।

**6.** अभ्यर्थी के बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा ।

**7.** अभ्यर्थी को चाहिए कि, वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ते हुए आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरे । आवेदन पत्र में त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये, चयन के किसी भी स्तर पर आवेदन निरस्त किया जा सकेगा ।

## **नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया**

**1. स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद के लिएः—**

**(अ) लिखित परीक्षा —**

लिखित परीक्षा के अंतर्गत सामान्य हिन्दी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, गणित, सामान्य ज्ञान, तार्किक, कम्प्यूटर आदि से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जा सकेंगे । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की कुल संख्या 50 होगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा । इस तरह यह लिखित परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची से 01 पद के विरूद्ध 20 गुणा उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा ।

**(ब) कौशल परीक्षा —**

उम्मीदवारों से 100 (एक सौ) शब्द प्रति मिनट की गति से 03 (तीन) मिनट का करीब 300 (तीन सौ) शब्द का हिन्दी श्रुतलेख दिया जाएगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 20 (बीस) मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा । प्रत्येक त्रुटि के लिए ½ (आधा अंक) काटा जावेगा, जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ, सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिए भी होगा । कौशल परीक्षा 150 अंकों का होगा । कौशल परीक्षा उबन्टु ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के लिब्रे ऑफिस राईटर में ली जावेगी ।

लिखित/कौशल परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना व प्रवेश पत्र जिला न्यायालय, बालोद (छ.ग.) की वेबसाईट https://balod.dcourts.gov.in पर अपलोड की जावेगी । लिखित/कौशल परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र पृथक से नहीं भेजी जावेगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा । अभ्यर्थियों का कोई भी साक्षात्कार आयोजित नहीं कराया जावेगा।

## चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची

**1.** स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद पर चयन हेतु केवल कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही मेरिट सूची तैयार करते हुए, चयन सूची तैयार की जावेगी तथा नियमानुसार प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी ।

**2.** प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से 01 वर्ष तक प्रभावशील रहेगी ।

**3.** सामान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी । जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी ।

## महत्वपूर्ण निर्देश

**1.** सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर का पत्र क्रमांक 1269/23/मु.म.नि./2014/1–7 दिनांक 23.08.2014 के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता दी जावेगी।

**2.** चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । मूल प्रति के अभाव में उनका चयन निरस्त कर दिया जावेगा।

**3.** चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय में चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा ।

**4.** चयनित उम्मीदवार, जिसे नियुक्ति आदेश जारी किया गया हो, कार्यभार ग्रहण किए जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जावेगा । आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।

**5.** आवेदक जिला न्यायालय, बालोद की वेबसाईट https://balod.dcourts.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राईविंग लायसेंस की मूल प्रति के साथ उपस्थित होवें, अन्यथा की दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकेगा ।

**6.** प्राप्त आवेदनों की कूट परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन जिला न्यायालय, बालोद की वेबसाईट https://balod.dcourts.gov.in तथा सूचना पटल पर प्रकाशित किया जावेगा । उक्त प्रकाशन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो आवेदक 07 (सात) दिवस के भीतर स्वतः उपस्थित होकर लिखित आपत्ति चयन समिति के समक्ष पेश कर सकेगा । अंतिम पात्र सूची आपत्ति के निराकरण पश्चात् वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी ।

## महत्वपूर्ण टीप

**1.** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं । अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें । परीक्षा में सम्मिलित किए जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि, आवेदक को अर्ह मान लिया गया है । चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी ।

**2.** लिखित/कौशल परीक्षा से संबंधित अभिलेख चयन परिणाम के 06 माह के पश्चात् विनिष्टिकरण किए जाने योग्य होंगे तथा उक्त अवधि के पश्चात् ''सूचना का अधिकार अधिनियम'' के अंतर्गत चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि/निरीक्षण के लिए आवेदन मान्य नहीं होगा ।

**3.** जो अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेगें, उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी ।

चयन प्रक्रिया के संबंध में न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.) का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

स्थान– बालोद
दिनांक– 15.03.2024

**सही/–**
**अध्यक्ष**
**भर्ती/चयन समिति**
**कार्या. जिला एवं सत्र न्यायालय**
**बालोद (छ.ग.)**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**
**(स्टेनोग्राफर – हिन्दी के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र)**

प्रति,

न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
बालोद (छ.ग.)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो नाम व तिथि के साथ चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम : **स्टेनोग्राफर – हिन्दी**

2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) : ......................................................................

3. अभ्यर्थी का पूरा नाम (In English Capital Letters) : ......................................................................

4. लिंग पुरूष संकेतक–1, महिला संकेतक–2, तृतीय लिंग–3 [ ]

5. पिता/पति का नाम : ......................................................................

6. (अ) जन्म तिथि (अंकों में) : ......................................................................

शब्दों में : ......................................................................

(ब) दिनांक 01.01.2024 को आयु : ................. वर्ष...................माह..............दिन

7. क्या अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है? हॉ/नहीं [ ]
(यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

8. क्या अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हां/नहीं [ ]
(यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

9. सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें । :........................................................

10. क्या अभ्यर्थी दिव्यांग/निःशक्तजन है? हां/नहीं [ ]
(यदि हां, तो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

11. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां / नहीं
(यदि हां, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

12. राष्ट्रीयता : ...............................................................

13. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : ...............................................................
: ...............................................................
: ...............................................................
: ...............................................................

(ब)स्थाई पता (यदि उपरोक्त से भिन्न न हो तो तदैव लिखें)
: ...............................................................
: ...............................................................
: ...............................................................
: ...............................................................

14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक : ...............................................................

15. रोजगार कार्यालय का नाम : ..............................................................

16. क्या अभ्यर्थी शासकीय / अर्धशासकीय संस्था में सेवारत है? हॉ / नहीं
(यदि हां, तो सक्षम प्रोधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति सलग्न करे)

17. क्या अभ्यर्थी विवाहित हैं? हां / नहीं : ...............................................................

18. यदि विवाहित है, तो विवाह की तिथि : ...............................................................

19. जिवित बच्चों की संख्या : ..............................................................

20. बच्चों का विवरण :–

| क्र. | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

20. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें):–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड / वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | कक्षा दसवीं | | | | | |
| | कक्षा बारहवीं | | | | | |
| | स्नातक | | | | | |
| | हिन्दी शीघ्रलेखन | | | | | |
| | कम्प्यूटर | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

21. अभ्यर्थी का मोबाईल नंबर : ..............................................................

22. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों की सूची:–

1. ...................................................... 2. ......................................................

3. ...................................................... 4. ......................................................

5. ...................................................... 6. ......................................................

7. ...................................................... 8. ......................................................

## <u>घोषणा</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ, कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये मिथ्या पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीद्वारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी ।

स्थान ..........................

दिनांक ......................... अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नाम – ................................................